# आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 05.10.2024 समय : 1905

**<><><><><><><><>**

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज लगभग तेईस हजार तीन सौ करोड़ रुपये की कई विकास परियोजनाओं का शुभारंभ किया।
- शहीद द्वीप में सार्वजनिक सेवाओं को बेहतर बनाने और लोगों की मांग को ध्यान में रखते हुए इस क्षेत्र में एक लम्बी बस उपलब्ध कराई गई है।
- वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्डस में नाम दर्ज कराने के लिए श्री विजयपुरम में आइलैंड रम्बल राईड का आयोजन किया गया।
- अंडमान निकोबार कमान के चौबीसवें स्थापना दिवस के सिलसिले में कल फ्लैग प्वाइंट में शाम साढ़े पांच बजे से संयुक्त बैंड का प्रदर्शन किया जाएगा।
- लड़कियों के सोलह वर्ष से कम आयु वर्ग के वॉलीबॉल नॉकआउट टूर्नामेंट में आज खेले गए फाइनल मैच में जी डी एम एस की टीम विजयी रही।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज महाराष्ट्र के वाशिम से लगभग तेईस हजार तीन सौ करोड़ रुपये की कई विकास परियोजनाओं का शुभारंभ किया। ये परियोजनाएं कृषि और पशुपालन क्षेत्र से संबंधित हैं। श्री मोदी ने पीएम–किसान योजना की अट्ठारहवीं किस्त भी जारी की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि देश भर में नौ करोड़ चार लाख से अधिक किसानों को बीस हजार करोड़ रुपये से अधिक की राशि का प्रत्यक्ष वित्तीय लाभ मिला है।

<><><><><><><>

शहीद द्वीप में सार्वजनिक सेवाओं को बेहतर बनाने और लोगों की मांग को ध्यान में रखते हुए इस क्षेत्र में एक लम्बी बस उपलब्ध कराई गई है। परिवहन सचिव श्री विश्वेन्द्र ने हाल ही में इस द्वीप के लिए परिवहन विभाग की बस को झंडी दिखाकर रवाना किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि लोगों की जरूरतों को पूरा करने विशेषकर स्कूली बच्चों, बुजुर्ग लोगों और दिव्यांगजनों को ध्यान में रखते हुए सार्वजनिक परिवहन का विशेष महत्व है। मुख्य

सचिव के मार्गदर्शन में इस वर्ष इक्कीस नई बसें खरीदी गई है। शहीद द्वीप में अधिक यात्री क्षमता के बस उपलब्ध हो जाने से लोगों को लाभ मिलेगा और भीड़–भाड़ के समय लोगों को सुरक्षित यात्रा करने का अनुभव होगा। स्वराज द्वीप के सहायक आयुक्त विक्रम सिंह ने बस उपलब्ध कराने के लिए परिवहन विभाग के प्रति आभार प्रकट करते हुए शहीद और स्वराज द्वीप में परिवहन सेवा के महत्व पर प्रकाश डाला। उप–निदेशक बी बिनॉय ने बताया कि शहीद द्वीप में दो हजार दो में राज्य परिवहन इकाई की स्थापना से लेकर अब तक केवल मिनी बस ही संचालित होती थी। ये पहला अवसर है, जब एक बड़ी बस इस द्वीप के लिए उपलब्ध कराया गया है। कार्यक्रम में प्रातरापुर पंचायत समिति प्रमुख चंपा दास, शहीद द्वीप की प्रधान पिंकी दास और जिला परिषद सदस्य दशरथ वर्मा ने परिवहन विभाग के इन प्रयासों के लिए अपना आभार प्रकट किया।

<><><><><><><>

वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्डस में नाम दर्ज कराने के लिए श्री विजयपुरम में आइलैंड रम्बल राईड का आयोजन किया गया। मुख्य सचिव केशव चन्द्र ने कल फ्लैग प्वाइंट से इस मोटर साइकिल रैली को झंडी दिखाकर रवाना किया। अपने संबोधन में उन्होंने चेन्नई और देश के अन्य भागों से आए मोटर साइकिल चालकों का द्वीपों में स्वागत करते हुए कहा कि द्वीपों का सौंदर्य पर्यटकों को आकर्षित करती है। मोटर साइकिल चालकों को अंडमान की खूबसूरती को देखने का अवसर मिलेगा। इस तरह के आयोजन से द्वीपसमूह को विश्व के पर्यटन मानचित्र में जगह मिलने में सहायता मिलेगी। उन्होंने कहा कि ये स्पर्धा विश्व के अन्य मोटर साइकिल चालकों को भी अंडमान निकोबार द्वीपसमूह को देखने के लिए प्रेरित करेगा। प्रशासन इस तरह की स्पर्धा को पूर्ण सहयोग प्रदान करेगा। होटेलियर्स एसोसिएशन ऑफ अंडमान निकोबार द्वीपसमूह की ओर से अन्य हितधारकों के सहयोग से इसका आयोजन किया गया।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार पुलिस की ओर से झूठे ई–मेलों द्वारा धोखाधड़ी के खिलाफ परामर्श जारी किया गया है। हाल ही में कथित तौर पर भारतीय साइबर अपराध, भारतीय साइबर दस्ते और बी पी आर एंड डी जैसी सरकारी फर्जी एजेंसियों के नाम पर धोखाधड़ी वाले ई–मेलों में काफी वृद्धि देखी गई है। यह नकली और मनगढ़ंत पत्रों के साथ संलग्न होते हैं, जिन पर इंटिलिजेंस ब्यूरो, केन्द्रीय जांच ब्यूरो या पुलिस अनुसंधान और विकास ब्यूरो जैसी संस्थान के फर्जी लेटर हेड होते हैं। ऐसा देखा गया है कि यदि लोग उनके झांसे में नहीं आते हैं तो वे उनको कानूनी धमकी देते हैं और उन पर अश्लील सामग्रियों या नशीले पदार्थों की तस्करी में शामिल होने का झूठा आरोप लगाते हैं। इन ई–मेल का उद्देश्य लोगों को डराना और उन्हें अपराधियों की नाजायज़ मांगों को पूरा करने के लिए मजबूर करना है। पुलिस ने आम जनता से किसी भी अप्रत्याशित ई–मेल का जवाब देने से बचने को कहा है। ई–मेल पर प्रतिक्रिया देने से पहले स्थानीय पुलिस थाने, साइबर अपराध पुलिस थाने से संपर्क कर ई–मेल की वैधता जांचने को कहा गया

है। इस तरह की घटना से बचने के लिए साइबर क्राईम डॉट जी ओ वी डॉट इन पोर्टल पर रिपोर्ट किया जा सकता है। किसी भी तरह की सहायता, जानकारी या पूछताछ के लिए साइबर अपराध पुलिस थाना या राष्ट्रीय हेल्प लाईन नम्बर एक नौ तीन शून्य पर संपर्क कर सकते हैं।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार कमान के चौबीसवें स्थापना दिवस के सिलसिले में कल फ्लैग प्वाइंट में शाम साढ़े पांच बजे से संयुक्त बैंड का प्रदर्शन किया जाएगा। इसके अलावा मरीना पार्क के पास कल से आठ अक्तूबर तक भारतीय नौसेना और तटरक्षक के जहाजों में रोशनी की जाएगी। आठ अक्तूबर को सूर्यास्त के बाद आतिशबाजी का भी आयोजन होगा।

<><><><><><><>

डॉ. बी आर अम्बेडकर प्रौद्योगिकी संस्थान में नवाचार प्रकोष्ठ ने कम्प्यूटर विज्ञान और इंजीनियरिंग विभाग के सहयोग से हाल ही में करियर साइबर सुरक्षा–अवसर और प्रमाणन विकल्प पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर स्रोत अधिकारी श्री रामाकृष्णा इंजीनियरिंग कॉलेज के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. हरिहारा गोपालन ने साइबर हमलों से बचने और साइबर सुरक्षा प्रणाली के बारे में लोगों को जागरूक करने तथा साइबर स्पेस के कमजोर पहलुओं और साइबर सुरक्षा के करियर पर प्रकाश डाला, जिससे युवा इंजीनियर अपने क्षेत्र में साइबर सुरक्षा के बारे में अधिक जानकारी प्राप्त कर सके। लगभग पचहत्तर से अधिक छात्रों ने इस कार्यक्रम का लाभ उठाया। इस पूरे कार्यक्रम का संचालन संस्थान की प्रवक्ता डॉ. श्राबनी मल्लिक ने किया।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान शैक्षिक अंचल की ओर से सोलह वर्ष से कम आयु वर्ग के स्कूली विद्यार्थियों के लिए अंतर स्कूल वॉलीबॉल नॉकआउट टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। आज भातुबस्ती स्कूल मैदान में लड़कों के वर्ग में विवेकानन्द केन्द्र जिला परिषद विद्यालय पोर्ट मोर्ट, साउथ प्वाइंट स्कूल, हैडो और मोहनपुरा की टीम ने अपने–अपने मैच जीते। जी डी एम एस स्कूल मैदान में खेले गए मैच में निर्मला स्कूल, जी डी एम एस और स्कूल लाईन की टीम ने जीत हासिल की। लड़कियों के वर्ग में आज खेले गए फाइनल मैच में जी डी एम एस की टीम ने स्कूल लाईन स्कूल को पराजित कर जीत हासिल की। आठ अक्तूबर को भातुबस्ती स्कूल मैदान में विजेताओं को ट्रॉफी और पुरस्कार दिए जाएंगे।

<><><><><><><>

मध्योत्तर अंडमान ज़िला प्रशासन की ओर से ज़िला स्तरीय चित्रकारी प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में ज़िले के तीनों खंडों से करीब एक सौ तीस विद्यार्थियों ने भाग लिया। स्वच्छता ही सेवा, नशीले पदार्थों का सेवन न करने, बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओं, कुपोषणमुक्त ज़िला जैसे विषयों पर ये प्रतियोगिता आयोजित की गई।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह के अधिकांश भागों में वर्षा हुई। हटबे में आज सुबह साढ़े आठ बजे तक छियासठ मिलीमीटर, श्री विजयपुरम में छियालीस दशमलव एक, लांग आइलैंड में सत्ताईस दशमलव तीन, वायु सेना केन्द्र कार निकोबार में पच्चीस दशमलव दो, कार निकोबार में चौबीस और ननकौड़ी मे चार दशमलव चार मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई। कल तक के लिए मौसम संबंधी पूर्वानुमान में बताया गया है कि द्वीपों के अधिकांश भागों में हल्की से मध्यम वर्षा होगी।

<><><><><><><>